ST. XAVIER'S COLLEGE OF EDUCATION (AUTONOMOUS)
Digha Ghat P.O., Patna – 800 011, Bihar, India
NAAC Accredited with 'A' Grade (3rd cycle)
www.sxcepatna.edu.in E-mail: sxcepatna@gmail.com Phone: +91 0612 2567153, 6201161517
Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna

Ref. No.: *SXCE/2025/100* ***Date:*** *28/02/2025*

प्रेस विज्ञप्ति

संत जेवियर्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, पटना में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

दिनांक 28 फरवरी 2025 कोसंत जेवियर्स कॉलेज आफ एजुकेशन, दीघा घाट, पटना में 39वें राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर "**विकसित भारत के लिए भारतीय युवाओं को विज्ञान एवं नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु सशक्त बनाना**" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.एड. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के कुल 14 विद्यार्थियों नें भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में प्रोफेसर मधु सिंह, डॉ. सुशील कुमार सिंह और डॉ. विक्रमजीत सिंह शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवंतिका भरद्वाज एवं सबा प्रवीन, द्वितीय स्थान बबली कुमारी और तृतीय स्थान शिवम कुमार ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर (फादर) इग्नासियुस तोपनो ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य प्रोफेसर (फादर) इग्नासियुस तोपनो द्वारा सफल छात्र–छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया । कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. सपना सुमन एवं श्रीमती सुजाता कुमारी ने इस पूरे कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. निमिषा श्रीवास्तव, डॉ. दीप कुमार, डॉ. स्मिता शाह, डॉ. शोभा, डॉ. बेनिललित मिंज, डॉ. शान्ति किशोरी सिंह एवं महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राएं मौजूद थे।

प्रो० (फादर) इग्नासियुस तोपनो, येसु समाजी
प्रधानाचार्य
Principal
St. Xavier's College of Education
(Autonomous)
Digha Ghat, Patna-11